गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट./2017

मई 01, 2017

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051	2. लिस्टिंग विभाग, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001

प्रिय महोदय,

कृपया **"गेल ने केरल में 131 कि.मी. की एक अन्य पाइपलाइन डालने की संविदा प्रदान की - कोच्चि-कुट्टनाद-मंगलूरु पाइपलाइन का 75% हिस्सा निर्माण चरण में"** से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,
हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
   टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
   मुंबई-400051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने केरल में 131 कि.मी. की एक अन्य पाइपलाइन डालने की संविदा प्रदान की

कोच्चि-कूट्टनाद-मंगलूरु पाइपलाइन का 75% हिस्सा निर्माण चरण में

नई दिल्ली, 1 मई, 2017: केरल में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन डालने के कार्य में तेज़ी लाते हुए गेल (इंडिया) लिमिटेड ने कोच्चि-कूट्टनाद-मंगलूरु पाइपलाइन की एरियाकोड (मालापुरम) से कुरुमथोर (कुन्नूर) तक की 131 कि.मी. पाइपलाइन, जिसकी लागत लगभग 200 करोड़ रुपये है, डालने की संविदा प्रदान कर दी है। इसके अलावा मालापुरम, कुन्नूर और कसारागाद जिलों में बकाया 111 कि.मी. पाइपलाइन डालने की संविदा जुलाई, 2017 तक प्रदान कर दी जाएगी।

कोच्चि-कूट्टनाद-मंगलूरु पाइपलाइन के दोनों सिरों अर्थात कोच्चि-कूट्टनाद के 91 कि.मी. और पेरोल (कसारागाद)-मंगलूरु के 105 किमी. खंड में निर्माण कार्य पूरी तेजी से चल रहा है। आज अवार्ड की गई संविदा के बाद कोच्चि-कूट्टनाद-मंगलूरु पाइपलाइन का 75% से अधिक हिस्सा निर्माण चरण में आ जाएगा।

राज्य सरकार, प्रशासन, पुलिस और व्यापक रूप से जन समर्थन के कारण ही गेल आरओयू अधिग्रहण करने में पर्याप्त प्रगति कर सका है। कोच्चि-कूट्टनाद-मंगलूरु पाइपलाइन से केरल में पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक विकास से आर्थिक प्रगति में तेज़ी आएगी।

गेल कोच्चि-कूट्टनाद-मंगलूरु पाइपलाइन को दिसंबर, 2018 तक पूरा करने का लक्ष्य कर रहा है।